सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-244
30/05/2017

# मुख्यमंत्री ने खैरा बहुग्रामीय जलापूर्ति योजना का उद्घाटन किया

पटना, 30 मई 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मुॅगेर जिला के फ्लोराइड प्रभावित खैरा, भलुआकोल, फसियावाद एवं रमनकाबाद ग्रामों में शुद्ध पेयजलापूर्ति हेतु खैरा बहुग्रामीय जलापूर्ति योजना का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात खैरा ग्राम में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से सात साल पहले अपने विश्वास यात्रा के दौरान खैरा आया था। खैरा ग्राम में कार्यक्रम इसलिये रखा गया था कि यहॉ का टोला फ्लोराइड प्रभावित था और लोगों को फ्लोराइसिस बीमारी के कारण जीवन कष्टमय था। जो दृश्य मैंने वहॉ देखा, उससे हृदय मेरा द्रवित हो गया। वहॉ पचास से साठ लोग इस बीमारी से पीड़ित थे, उनका स्वास्थ्य गिरता जा रहा था और वे लोग लेटे हुये थे। वहॉ के लोगों ने मुझसे कहा कि आप कुछ कीजिये और आप ही कुछ कर सकते हैं, उस समय मेरे साथ तत्कालीन मुख्य सचिव श्री अनूप मुखर्जी और तत्कालीन लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के सचिव उपस्थित थे। मैंने अधिकारियों से कहा कि इस समस्या का हल निकलना चाहिये। फ्लोराइड प्रभावित इलाका है। मैंने वहॉ देखा कि स्कूल में एक चापाकल लगा हुआ था, उसमें फ्लोराइड हटाने का मिडियम लगा हुआ था। मैंने देखा कि बच्चे कभी उस फ्लोराइडयुक्त मिडियम से पानी पी रहे हैं और कभी सीधे पानी पी रहे हैं। बच्चों के लिये भी यह एक गंभीर समस्या हो सकती थी। मैंने उस मामले का अध्ययन किया और राय ली। खड़गपुर झील में जो पानी है, उसके गुणवता में कोई कमी नहीं है। उस पानी में फ्लोराइड और आर्सेनिक नहीं है। मैंने निर्देश दिया कि उसे पीने योग्य बनाकर तथा पानी का ट्रिटमेंट कराकर जलापूर्ति कीजिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम खैरा के फ्लोरिसिस से ग्रस्त उन लोगों को बचा नहीं पाये, इसका मुझे अफसोस होता है। उन्होंने कहा कि काम करने के क्रम में कहीं न कहीं कमी रह जाती है। पहले वन एवं पर्यावरण विभाग द्वारा अनापति में देरी हुयी, फिर जलापूर्ति योजना का टेंडर किया गया। निविदादाता ने काम पूरा नहीं किया, फिर दूसरे को टेंडर दिया गया और अंततः कार्य पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि जब मुझे बताया गया कि काम पूरा हो गय है तो मैंने पूछा कि सारे गॉव में शुद्ध पानी पहुॅच रहा है अथवा नहीं तो लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के लोगों ने बताया कि सारे गॉव में शुद्ध पानी जा रहा है और सारे लोग शुद्ध पानी का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी काम में कितनी बाधा उत्पन्न होती है, यह इससे स्पष्ट है कि आज मुझे सुबह में ही यहॉ हेलीकॉप्टर से आना था किंतु उड़ान से पूर्व मौसम खराब हो गया, जिसके कारण हम सड़क मार्ग से मुॅगेर में कुछ कार्यक्रमों में भाग लेते हुये आपके बीच पहुॅचे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मुझे पूरी तसल्ली और संतोष मिला है। थोड़ी देर से ही सही अंततोगत्वा सफलता मिली और कई तरह की बाधाओं के बाद काम पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि खड़गपुर झील पर मैंने इस ट्रिटमेंट प्लांट के हर पहलू को देखा है। उन्होंने कहा कि ढ़ाई लाख गैलन का मास्टर जलमीनार बना है और इसके तीन अन्य जलमीनार भी बने हैं। आज सभी घरों में निर्बाध पानी की आपूर्ति की जा रही है। आप निश्चिंत होकर शुद्ध पानी

पीजिये और अन्य कार्यों में भी पानी का उपयोग कीजिये। उन्होंने कहा कि सात निश्चय के अन्तर्गत हर घर नल का जल पहुॅचाया जायेगा। उन्होंने कहा कि भोजपुर भी आर्सेनिक प्रभावित जिला था और वहॉ भी जलापूर्ति की योजनायें बनी तथा शुद्ध पानी पहुॅचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सात निश्चय का यह अंग है कि बिहार के हर घर में नल का जल उपलब्ध करायेंगे। उन्होंने कहा कि गुणवता प्रभावित इलाकों में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा कार्य कराया जायेगा और गैर गुणवता प्रभावित इलाकों में पंचायतों द्वारा विकेन्द्रिकृत तरीकों से कार्य कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि नगर निकाय क्षेत्रों में नगर विकास विभाग द्वारा इस योजना का कार्यान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निश्चय यात्रा के दौरान हमने इस कार्य का निरीक्षण भी किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने निर्देश दिया है कि खैरा बहुग्रामीय जलापूर्ति योजना के संधारण का कार्य नियमित एवं सुचारू रूप से चलना चाहिये। उन्होंने खैरा ग्राम के उनलोगों के प्रति गहरा अफसोस व्यक्त किया कि जो दुनिया छोड़कर चले गये हैं, उनके प्रति उन्होंने श्रद्धांजलि व्यक्त की और उनके परिजनों के प्रति सांत्वना भी व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब आज सड़क मार्ग से खैरा गॉव आये तो मुख्य सड़क का रास्ता ठीक नहीं लगा। ग्रामीण कार्य मंत्री यहीं पर हैं और ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव जो लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के भी सचिव हैं, यहॉ मौजूद हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे मुख्य सड़क से गॉव की सड़क महीना भर के अंदर ठीक करा दें। उन्होंने ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव से पूछा कि क्या एक महीना में ठीक कर पायेंगे अथवा नहीं। ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव ने आसवस्थ किया कि एक महीने के अंदर मुख्य सड़क से गॉव की सड़क ठीक करा देंगे।

मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि प्रेम और मुहब्बत से रहिये। उन्होंने कहा कि सामाजिक क्षेत्र में शराबबंदी से बहुत बड़ा परिवर्तन आया है और अब हमलोग शराबबंदी से नशामुक्ति की ओर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शराबबंदी से गॉवों में माहौल बदल गया है। उन्होंने कहा कि अब दहेज प्रथा एवं बाल विवाह के विरूद्ध अभियान चलेगा। राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी के जन्मदिन 2 अक्टूबर से नशामुक्ति अभियान की तरह दहेज प्रथा एवं बाल विवाह के विरूद्ध अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि मन बना लें कि दहेज न लेंगे और न देंगे। यदि किसी शादी में दहेज लिया गया हो तो उस शादी में मत जाइये। उन्होंने हाथ उठवाकर लोगों को संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री को ग्रामीण कार्य के सचिव श्री विनय कुमार ने स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। इसके पूर्व मुख्यमंत्री को कार्यकर्ताओं ने फूलों का बड़ा माला पहनाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, जल संसाधन, योजना एवं विकास मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री शैलेश कुमार तथा पंचायती राज सह प्रभारी मंत्री मुॅगेर जिला श्री कपिलदेव कामत ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री अनंत कुमार सत्यार्थी, पूर्व विधायक श्री नीता चौधरी, राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष मो0 सलाम, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती पिंकी कुमारी, जिलाध्यक्ष जदयू श्री संतोष सहनी, विकास आयुक्त श्री शिशिर सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, सचिव लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, पुलिस महानिरीक्षक विशेष शाखा श्री बच्चू सिंह मीणा, आयुक्त मुॅगेर प्रमण्डल श्री नवीन चन्द्र झा, पुलिस उप महानिरीक्षक मुॅगेर श्रीमती मंजू झा, अभियंता प्रमुख सह विशेष सचिव पी0एच0ई0डी0 श्री बिंदेश्वर प्रसाद सिंह,

जिलाधिकारी मुॅगेर श्री उदय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक मुॅगेर श्री आशीष भारती सहित अन्य विशिष्ट अतिथि, जन प्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में आमलोग उपस्थित थे।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कृष्ण सेवा सदन में केन्द्रीय पुस्तकालय भवन के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया। साथ ही चन्द्रशेखर स्मृति पार्क में स्व0 चन्द्रशेखर जी की मूर्ति का अनावरण किया तथा राजा–रानी तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण किया।

******